हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

11 बेटियों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन, जीते पदक



12 गीतापुरम में गूंजा गीता ज्ञान का प्रकाश विचार और संस्कृति का...



**खबर संक्षेप**



बहादुरगढ़। नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

### सांसद ने नवविवाहित जोड़े को दिया आशीर्वाद

**बहादुरगढ़।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रविवार को गोयला कलां मूल के निवासी नरेंद्र लाठर पहलवान के ओमेक्स ग्लेरिया सेक्टर 14 स्थित निवास पर शिरकत की। यहां सांसद दीपेंद्र व पूर्व विधायक राजेंद्र जून ने नरेंद्र के नवविवाहित बेटे अंकित लाठर व पुत्रवधु पूजा को आशीर्वाद दिया। नवविवाहित जोड़े के उज्जवल भविष्य और सुख-समृद्ध जीवन की कामना की। डॉ. महेंद्र भारद्वाज, आरडब्ल्यूए ओमेक्स सेक्टर 14 के प्रधान कपिल शर्मा, मास्टर सज्जन सिंह दलाल, रामकुमार धनखड़, नरेश जून, पार्षद मिंटू दलाल, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र वत्स, सतपाल राठी, गजानंद गर्ग, हवा सिंह, जयपाल पहलवान, अभिषेक, मंजीत मातन, वेद प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रमंडल की मेजबानी मिलने पर खुशी जताई

**बहादुरगढ़।** भारत को दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलना गौरव की बात है। अहमदाबाद में 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित किए जाएंगे। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष



अनिल खत्री का कहना है कि खेलों की मेजबानी मिलना पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि 2030 में हिन्दुस्तान के नए खिलाड़ियों को नई पहचान मिलेगी जो आगे चलकर देश का नाम विश्वपटल पर गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवा खिलाड़ियों का जलवा पूरा विश्व कॉमनवेल्थ खेलों में देखेगा। उन्होंने कहा कि कॉमनवैल्थ खेलों में हरियाणा के तैराक देश के लिए मेडल हासिल करेंगे। उन्हे तैराक हर्ष सरोहा, कृष जैन और अर्जुन सिंह से पूरी उम्मीद है।







झज्जर। कबलाना आश्रम में पूजा-अर्चना करते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ, आश्रम से निकलते हुए सीएम योगी आदित्य नाथ व साधु-संतों के लिए ठहरने के लिए की गई व्यवस्था। फोटो : हरिभूमि

धूना स्थल की आस्था व समारोह में शामिल यूपी के सीएम बोले : प्रयागराज महाकुंभ की आई याद

# श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखकर गदगद हुए योगी

> योगी ने कहा कि सनातन धर्म की गौरवशाली परम्परा में नाथ संप्रदाय का अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत में आदि नाथ भगवान शिव की उपासना एक निराकार ब्रह्म के रूप में होती है और यही भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की मूल शक्ति है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव कबलाना स्थित श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा पालनाथ जी के धूना स्थल पर आयोजित समारोह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। धूना स्थल की आस्था व समारोह में शामिल यूपी के सीएम आदित्यानाथ योगी के वक्तव्य सुनने के चलते हजारों की संख्या में लोग आयोजन स्थल पहुंचे। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और भंडारे कार्यक्रम में भारी भीड़ देखकर यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ गदगद हो गए।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संत महात्मा और श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने ऊपर से देखा कि इतना बड़ा आयोजन है, कहीं किसी राजनेता की रैली तो नहीं हो रही है, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर देखा कि इतनी भारी भीड़ किसी भंडारे में पहली बार देखी है। उन्होंने कहा कि झज्जर के कबलाना गांव आकर प्रयागराज के महाकुंभ मेले की याद आ गई है। उन्होंने कहा कि कबलाना गांव में महाकुंभ जितनी भीड़ देखने को मिली है।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की गौरवशाली परम्परा में नाथ संप्रदाय का अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में आदि नाथ भगवान शिव की उपासना एक निराकार ब्रह्म के रूप में होती है और यही भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की मूल शक्ति है।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

*यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पुलिस द्वारा मेन बाईपास, राजकीय पॉलीटेक्निक, पुलिस लाइन, रासलवाला मोड, कबलाना गांव आदि में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाए गए। झज्जर व बहादुरगढ़ की तरफ से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए समारोह स्थल के दोनों तरफ भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण किया गया। वाहनों के लिए खेतों में विशाल पार्किंग बनी गई थी। इस देशव्यापी कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से हजारों साधु व संतों ने भाग लिया।*

### रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर

*समारोह में जहां रक्तदान शिविर लगाया गया था वहीं महाराजा अग्रसेन सत नारायण गुप्ता अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने चिकित्सा का लाभ उठाया। इस दौरान जरुरतमंद लोगों में निःशुल्क दवा वितरण किया गया।*

### अपने परिजनों सहित नंगे पांव पहुंचे श्रद्धालु

कबलाना गांव के अलावा निकटवर्ती गांवों के बड़े-बुजुर्ग व युवा अपने परिवार सहित नंगे पांव धूना स्थल पहुंचे। समारोह में उमड़ी भीड़ को देखकर कुछ युवा यह कहते भी सुनाई दिए कि बाबा नै तो चाला पाड़ दिया, भंडारे के नाम पै पूरी रैली बिठा राखी है। बता दें कि कबलाना गांव में आयोजित इस दो दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत धूना स्थल पर श्री 1008 सिद्ध बाबा पालनाथ जी महाराज कपूरी की पहाड़ी, योगी तपस्वी बाबा मक्खन नाथ जी महाराज, सिद्ध बाबा सोमनाथ जी महाराज, श्री सिद्ध बाबा ज्योतिनाथ जी महाराज की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई है। उधर, आश्रम परिसर में आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



## पिकअप चालक की टक्कर से रिटायर्ड महिला पुलिस कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- लडरावण गांव में रविवार की दोपहर को हुआ दर्दनाक हादसा

गांव लडरावण में रविवार की दोपहर को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तारी पिकअप गाड़ी ने एक बाइक सवार व्यक्ति तथा सड़क क्रॉस कर रही रिटायर्ड महिला पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा दोपहर करीब तीन बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, लडरावण की निवासी देवेंद्री देवी हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त थी। रविवार को वह किसी काम के सिलसिले में बहादुरगढ़ गई थी। काम पूरा होने के बाद वापस अपने गांव के लिए चल दी। गांव के अड्डे पर जब ऑटो से उतरकर सड़क क्रॉस करने लगी तो सोहटी की तरफ से आए एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने टक्कर मार दी। इतना ही नहीं देवेंद्री को टक्कर के मारने के साथ-साथ एक बाइक सवार को भी चपेट में ले लिया। बाइक नीचे फंसने के कारण पिकअप गाड़ी कुछ दूर आगे जाकर रुकी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान चालक अपनी गाड़ी छोड़कर वहां से भाग गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को संभाला लेकिन महिला देवेंद्री दम तोड़ चुकी थी। उसे अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दी। सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका के भाई अनिल की शिकायत पर सदर थाने में पिकअप गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।



बहादुरगढ। इस गाड़ी से हुआ हादसा। फोटो : हरिभूमि

## नेट बैंकिंग के नाम पर पूर्व बैंक कर्मी से 5 लाख 58 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

**पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। अब शातिरों ने बहादुरगढ़ के निवासी एक पूर्व बैंक कर्मी को निशाना बनाया। नेट बैंकिंग के नाम पर उसे पांच लाख 58 हजार 900 रुपये की चपत लगा दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात देवेंद्र शर्मा के साथ हुई है। देवेंद्र पीएनबी से एसए की पोस्ट से सेवानिवृत्त हैं। उनका कहना है कि कुछ महीने पहले उन्होंने फेसबुक पर आए पीएनबी वन एप के लिंक पर क्लिक किया था। इसके बाद उनको एक नंबर से कॉल आई। कॉलर ने अपना नाम योगेश बताया और कहा कि वह द्वारका हेड आफिस से बोल रहा है, आपके नेट बैंकिंग शुरू करनी है। इतना कहकर उसने पेन और आधार नंबर मंगवा लिए। इसके अगले ही दिन उसने दोबार कॉल कर एटीएम का पिन मांगा। इसके बाद खातों से रुपये कटने शुरू हो गए। कई बार ट्रांजेक्शन हुई और कुल पांच लाख 58 हजार 900 रुपये खाते से निकल गए। फिर पुलिस को सूचना दी गई। अब उनकी शिकायत पर साइबर थाना झज्जर में केस दर्ज हो सका है। पुलिस ने आम नागरिकों से जागरूक रहने की अपील की है।

## टीन शेड का निर्माण कार्य शुरू करवाया

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण स्थित प्राचीन कंठी माता मंदिर के साथ विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए भाजपा जिला महामंत्री एवं जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने लगभग 9 लाख रुपये की लागत से बनने वाले टीन शेड निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ कराया। गांव के बुजुर्गों द्वारा नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत की गई, वहीं ग्रामवासियों ने रविंद्र छिल्लर बराही का फूलमालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने बताया कि हाल ही में उन्होंने मंदिर के साथ लगभग 34 लाख रुपए की लागत से कम्युनिटी सेंटर भी बनवाया है। जल्द ही यह ग्रामीणों को समर्पित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच मनीष, ब्लॉक पार्षद मनोज, गांव के मोजिज व्यक्ति, ग्रामीण बुजुर्ग, युवक मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। बुजुर्गों के हाथों टीन शेड के कार्य का शुभारंभ करवाते रविंद्र छिल्लर। फोटो : हरिभूमि

## प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया गो उपचार केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राष्ट्रीय गोरक्षा वाहिनी गो-रक्षा संघ हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह शेखावत ने बहादुरगढ़ स्थित गोधन सेवा समिति द्वारा आयोजित साप्ताहिक हवन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। साथ ही केंद्र का निरीक्षण भी किया।

समिति ने स्मृति चिह्न, फूलमाला और गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। हवन का आयोजन सोनू बंसल द्वारा किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, अग्निहोत्र और गौ माता की कृपा की कामना के साथ वातावरण भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में रमेश राठी, कृष्ण चावला, बिजेंद्र राठी, सीएल गुप्ता, राजा जून, नीतेश गौड़, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे। इस मौके पर शेखावत ने कहा कि गो माता हमारी आस्था, कृषि-अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य का आधार है। गो सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि राष्ट्र और पर्यावरण की सेवा है। समापन पर गो माता की आरती और प्रसाद वितरण किया गया। शेखावत ने नंदीशाला एवं गो उपचार केंद्र का निरीक्षण भी किया।



बहादुरगढ़। शेखावत को स्मृति चिह्न भेंट करते केंद्र के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लापरवाही बरतने के भी आरोप लगाए

## अमन की मौत पर यूथ कांग्रेस ने जताया दुःख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में बास्केटबॉल पोल गिरने से 15 वर्षीय अमन की हुई मौत का मामला लगातार तूल व पकड़ता जा रहा है। रविवार को हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने अमन के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कटारिया ने स्टेडियम के रखरखाव में खामियों को हादसे का मुख्य कारण बताया और पीजीआई रोहतक में इलाज व पोस्टमार्टम प्रक्रिया के दौरान हुई कथित अनियमितताओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। उनके अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अमन का लिंग 'फीमेल' दर्शाया जाना और उम्र 15 के बजाय 25 वर्ष दर्ज होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि एक नाबालिग की मौत जैसे संवेदनशील मामले में ऐसी गलतियां स्वास्थ्य व्यवस्था की सुस्ती और जिम्मेदार विभागों की उदासीनता को उजागर करती हैं। उन्होंने सरकार से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बकौल कटारिया, अमन के पिता ने उन्हें बताया कि वे शिकायत दर्ज कराने पुलिस थाने पहुंचे, लेकिन स्टाफ यूपी के मुख्यमंत्री की सुरक्षा ड्यूटी में व्यस्त होने के कारण शिकायत नहीं ले सका और उन्हें सोमवार को लिखित शिकायत लाने को कहा गया। युवा कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप यादव ने भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई त्रुटियों को बेहद गंभीर बताते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलकर रहे, इसके लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। इस दौरान युवा कांग्रेस बहादुरगढ़ के शहरी अध्यक्ष पंकज फोगाट, वीरेंद्र मलिक, कमल अरोड़ा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पीड़ित परिवार से मुलाकात करने पहुंचे निशित कटारिया व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## ग्यारह किलो दस ग्राम चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सीआईए वन बहादुरगढ़ की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ चरस सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए वन प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति भारी मात्रा में मादक पदार्थ चरस लेकर फरुखनगर साइड से होते हुए दादरी की तरफ जाएंगे। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा याकूबपुर गांव के नजदीक नाकाबंदी की गई।

इस दौरान एक गाड़ी को चैकिंग के लिए रूकवाया गया। पूछताछ में गाड़ी को सोमवीर निवासी गोठड़ा चला रहा था, जबकि उसके साथ जोगिंदर निवासी गोठड़ा बैठा था। दोनों को संदिग्ध व्यवहार पर पकड़ते हुए नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ। जिसका कुल वजन 11 किलो 10 ग्राम निकला। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी सोमबीर को पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

## लाइफ Style

# कीर्ति



## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।




# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटेंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहींः जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांताराः चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गो पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच


***मुंबई।** शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

### गांव सराय औरंगाबाद में अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन

# बेटियों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन, जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बेटियों को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से रविवार को गांव सराय औरंगाबाद में अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन हुआ। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-14 व अंडर-16 आयु वर्ग की 300 से अधिक बच्चियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच कर्ण राठी ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी इवेंट्स में बेटियों ने बेहतरीन खेल कौशल दिखाते हुए पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदीप राठी सांखोल, सराय औरंगाबाद से प्रधान राकेश राठी तथा हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल राठी ने किया। समापन समारोह में मनोज काजला सोलधा, नेशनल मेडलिस्ट संदीप सांगवान, कोच धर्मबीर छिकारा, राजीव खत्री, कृष्ण छिल्लर, अरमेश छिल्लर और एथलेटिक्स कोच जयप्रकाश जाखड़ मुख्य अतिथि रहे। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के को-ऑर्डिनेटर एवं भीम अवार्डी चरण सिंह राठी ने विभिन्न वर्गों में विजेताओं की घोषणा की। अंडर 16 की 60 मीटर दौड़ में कनक पहले, वंदना दूसरे व खुशी तीसरे स्थान पर रही। जबकि 600 मीटर दौड़ में कनक, जिया व आरती ने बाजी मारी। लांग जंप में याचना, कोमल व खुशी विजेता बनीं। हाई जंप में स्वाति, याचना और खुशी शीर्ष पर रहीं। शॉटपुट में साक्षी ने पहला, अदिति ने दूसरा व प्रीति ने तीसरा स्थान पाया। डिस्कस में तमन्ना, मुस्कान व परी ने जीत दर्ज की।


बहादुरगढ़। जीत के लिए दौड़ लगाती लड़कियां। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। जीत के लिए दौड़ लगाती लड़कियां। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे विजेता

इसी तरह अंडर 14 आयु वर्ग ट्रायथलन ग्रुप ए में हिमानी, तानिया व मनीषा की विजेता बनी। जबकि ग्रुप बी में साक्षी, रितिका व पलक ने बाजी मारी। ग्रुप सी में निशु, कशिश और करुणा छाई रहीं। किड्स जेवलिन में रितिका पहले, राशि दूसरे और वंशु तीसरे पर रहीं। समापन पर पिंकी मलिक, पूनम सरोहा, ज्योति साल्हावास, सोनिया राठी, जयभगवान लडायन, सुमित दलाल, संदीप, नेहा प्रिया सुहाग और महक ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र प्रदान किए।

## न्यूज डायरी

### हिंदी अध्यापक सत्यवान हुए सेवानिवृत्त

झज्जर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुंबाहेड़ी के हिंदी अध्यापक सत्यवान सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालय के मुखियों ने शिरकत करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जहां हिंदी प्रवक्ता मंजू देवी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला वहीं कवि त्रिलोकचंद फतेहपुरी ने मुक्तक पढ़े। इनके अलावा कवि दलबीर फूल ने हरियाणवीं रागनी में उनके जीवनवृत को पिरोकर बेहतरीन प्रस्तुति दी। सातवीं कक्षा के छात्र जतिन ने उनका शानदार स्केच बनाकर भेंट किया। प्राचार्य संजीव खत्री ने मास्टर सत्यवान के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने शिक्षक धर्म को भली भांति निभाया। इस मौके पर सेवानिवृत्त हिंदी अध्यापक रणसिंह, अशोक कुमार ढोरिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। विद्यार्थियों के साथ मंच पर उपस्थित सेवानिवृत्त सत्यवान। फोटो : हरिभूमि

### काली माता मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन

बहादुरगढ़। राम नगर स्थित काली मंदिर में बहादुरगढ़ कल्चरल एसोसिएशन द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत काली माता की पूजा-अर्चना से हुई, जहां कर्मबीर राठी ने माता के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर परिसर में पहुंचकर पूजा की विधिवत प्रक्रिया में भाग लिया और मंदिर के पुजारियों से आशीर्वचन भी लिए। इसके बाद एसोसिएशन द्वारा आयोजित भंडारे में उन्होंने स्वयं अपने हाथों से भक्तों को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में बहादुरगढ़ कल्चरल एसोसिएशन के सदस्य एस गोस्वामी, बिमल नंदी, बी दलाल, अमलेंदु घोष, अर्जुन देव, आलोक देव, सुजीत बनर्जी, बारन बाला, सुभीर घोष सहित अन्य सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मिलकर भंडारे की व्यवस्था को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर एसोसिएशन ने यह भी निर्णय लिया कि भविष्य में गरीब परिवारों के लिए भोजन वितरण का अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा, जिससे जरूरतमंद परिवारों को लाभ मिल सके।


बहादुरगढ़। भंडारे में सेवा करते कर्मबीर राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ब्राह्मण समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर जताया रोष

झज्जर। अखिल ब्राह्मण वृहत सभा की एक विशेष बैठक रविवार को भगवान परशुराम भवन में आयोजित की गई। सभा के प्रधान गोपीचंद शर्मा ने बीती 23 नवंबर को भोपाल में ब्राह्मण समाज की बेटियों के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर कड़ा रोष जाया। उपप्रधान सुरेश कुमार शास्त्री ने ब्राह्मणों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले वाले संबंधित आईएएस अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का बयान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के आचरण के अनुरूप नहीं है। यह अनुशासनहीनता, विघटनकारी तथा गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। उनकी यह टिप्पणी सामाजिक समरसता को ठेस पहुंचाने व अपासी वैनमस्यता उत्पन्न करने वाली है। इस मौके पर रामोतार मुंडाहेडा, रामकिशन, ऋषिप्रकाश, रामोतार झाल, दयानंद मुरलीपुर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### भूतपूर्व विद्यार्थियों ने किया पुरानी यादों को साझा

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दुजाना में भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि इस समारोह में सेवानिवृत प्राचार्य जोगिंद्र सिंह अहलावत, लखेंद्र सिंह टोंग व सेवानिवृत प्रोफेसर प्रदीप मलिक ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार, प्रोफेसर रजनी, डॉक्टर अनिल कुमारी, डॉ. सुनीता, डॉ. सीमा कुण्डू आदि ने भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्वागत किया। समारोह में करीब 50 भूतपूर्व विद्यार्थी शामिल हुए जिन्होंने एक-एक करके अपना परिचय देते हुए विद्यार्थियों के साथ अपनी पुरानी यादों को सांझा किया। समारोह में कर्नल रणवीर सिंह ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सर्वसम्मत्ति द्वारा भूतपूर्व विद्यार्थियों ने एक संगठन का निर्माण भी किया। इस मौके पर डॉ. नरेंद्र दहिया, जितेंद्र सिंह व डॉ. संदीप कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## स्काउट एवं गाइड टीम ने हासिल किया ट्वेंटी एक्टिविटीज अवार्ड


झज्जर। जंबूरी में स्काउट एंड गाइड दल के बीच उपस्थित डीईओ राजेश कुमार।

- जंबूरी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

19वीं राष्ट्रीय जंबूरी एवं डायमंड जुबिली ग्रैंड फिनाले में जिले की स्काउट एवं गाइड टीम हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए ट्वेंटी एक्टिविटीज अवार्ड हासिल किया है। डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र ने बताया कि डीईओ राजेश कुमार ने लगातार तीन दिनों के इस आयोजन में उनके साथ अनुभव सांझा किया जिनके उचित मार्गदर्शन के बल पर उन्होंने राष्ट्र स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। जंबूरी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया। डीओसी गाइड मैनावंती ने बताया कि उनकी टीम द्वारा स्टेट गेट, कैंप फायर, स्काउट रंगोली, पायनियर प्रोजेक्ट, कैंप क्राफ्ट, कैंप फायर गाइड आदि में ए व बी ग्रेड हासिल किए। इनके अलावा रॉक क्लाइम्बिंग, बर्मा ब्रिज, बैलेंसिंग एक्ट, जंगल ट्रैक, फायर मेकिंग, फर्स्ट-ऐड ड्रिल, साइलेंट ड्रिल, सर्वाइवल गेम्स तथा सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित ग्लोबल डेवलपमेंट विलेज आदि आयोजनों में भी सराहनीय प्रदर्शन किया। जंबूरी में स्काउट कांटिनेंट लीडर डॉक्टर राजेंद्र सिंह, गाइड कांटिनेंट लीडर मैनावंती, गाइड कैप्टन सुचित्रा, स्काउट मास्टर प्रवीण जाखड़, मंजीत, रविंद्र, विक्की जाखड़ आदि प्रशिक्षकों ने सेवा-भाव, नेतृत्व और अनुशासन का अद्वितीय परिचय दिया। जंबूरी में जिले से पीएमश्री दादरी तोए स्कूल से पांच स्काउट व चार गाइड, पीएमश्री कन्या स्कूल बहादुरगढ़ से सात गाइड, पीएमश्री दुजाना से तीन स्काउट, राजकीय वरिष्ठ स्कूल बहादुरगढ़ से आठ स्काउट, राजकीय वरिष्ठ स्कूल मातनहेल से सात स्काउट, राजकीय स्कूल गिजाडौध से चार स्काउट, राजकीय वरिष्ठ स्कूल सिलाना से चार स्काउट, राजकीय कन्या स्कूल से पांच गाइड प्रतिभागियों ने जिले का नेतृत्व किया। हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर लक्ष्मी सिंह वर्मा ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने झज्जर की प्रदर्शनी की अत्यधिक सराहना की।

### विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक मॉडल

झज्जर। सनराइज हाई स्कूल में मॉडल बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पहली से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के मॉडल्स बना कर अपनी प्रतिभा दिखाई। सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने ज्वालामुखी विस्फोट पर आधारित मॉडल बनाया। उन्होंने यह प्रयोग करके भी दिखाया कि किस प्रकार से ज्वालामुखी में विस्फोट होता है और किस तरह लावा बाहर आता है। इसी प्रकार दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने आसमान में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, नौवीं कक्षा की छात्राओं ने फुटबॉल के मैदान तथा आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिंदी व्याकरण पर आधारित मॉडल बनाया। विद्यालय निदेशक रवि यादव व मुख्याध्यापिका रूबी यादव ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल्स का अवलोकन करते हुए जहां विद्यार्थियों से मॉडल के संबंध में जानकारी ली वहीं बेहतरीन मॉडल की सराहना भी की।




### वीवीएम परीक्षा में आरईडी के 16 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

झज्जर। आरईडी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्यार्थियों ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन की लेवल–2 परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। राष्ट्रीय स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई कर स्टेट लेवल कैंप में स्थान बनाया है। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान की छठी व आठवीं कक्षा से तीन-तीन, सातवीं, दसवीं व ग्यारहवीं कक्षा से एक-एक तथा नौवीं कक्षा से सात विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। सफल विद्यार्थियों में अक्षित अहलावत, आयुश मलिक, प्रांजल, नव्या, पावनी साहू, चिंकी, अनुष्का, प्रतिष्ठा, गर्व, खुशहाल, कार्तिक धनखड़, अयान, खुशी, जैस्मिन, मयूर व चैंसी शामिल हैं।


झज्जर। आरईडी के होनहार विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हिंद केसरी व भारत केसरी शीर्षकों के दुरुपयोग पर महासंघ ने जताई आपत्ति

बहादुरगढ़। भारतीय शैली कुश्ती संघ ने हरियाणा में आयोजित की जा रही एक आगामी कुश्ती प्रतियोगिता में भारत केसरी शब्द के उपयोग पर गंभीर आपत्ति जताई है। संघ के पदाधिकारियों के मुताबिक, आईएसडब्ल्यूएवाई द्वारा हिंद केसरी और भारत केसरी दोनों ही प्रतिष्ठित खिताब 1958 से लगातार प्रदान किए जा रहे हैं तथा ये शीर्षक भारत सरकार के ट्रेडमार्क रजिस्टर में विधिवत दर्ज हैं। वर्ष 2018 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी इन नामों पर संघ के अधिकारों को मान्यता दी थी। महासंघ का कहना है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भारत केसरी का उपयोग एक पंजीकृत ट्रेडमार्क से भ्रम की स्थिति पैदा करता है और इसे कानूनन उल्लंघन की श्रेणी में माना जाएगा। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र नफे सिंह राठी ने कहा कि ये दोनों शीर्षक भारतीय कुश्ती की पहचान और परंपरा का आधार हैं। उन्होंने अपील की कि प्रतियोगिता का नाम बदलकर इस विरासत का सम्मान कायम रखा जाए। महासंघ के महासचिव गौरव रोशन लाल ने स्पष्ट किया कि यदि नाम में संशोधन नहीं किया गया तो संघ अदालत का रुख करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि संघ अपने पंजीकृत ट्रेडमार्क और खेल परंपरा की रक्षा के लिए सभी वैधानिक कदम उठाने को तैयार है।

## डॉ. अग्रवाल को सांसद दीपेंद्र ने किया सम्मानित

बहादुरगढ़। रोहतक लोकसभा के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने शहर के उद्यमी और आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. गौरव अग्रवाल को आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते हुए प्रशंसा पत्र प्रदान किया। सांसद हुड्डा ने कहा कि डॉ. अग्रवाल द्वारा विकसित आयुर्वेदिक औषधि ने डायबिटिक फुट अल्सर व गैंग्रीन से जूझ रहे अनेक मरीजों को अंग-विच्छेदन जैसे गंभीर जोखिम से बचाया है। सांसद ने इस मानवीय सेवा को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और उनके कार्य की सराहना की। डॉ. गौरव अग्रवाल ने एक विशेष आयुर्वेदिक दवा विकसित की है, जो उच्च रक्त शर्करा को नियंत्रित करने और उसकी जटिलताओं को कम करने में प्रभावी साबित हुई है। उनकी चिकित्सा से गैंग्रीन पीड़ित मरीजों को अंग बचाने और गतिशीलता वापस पाने में बड़ी मदद मिली है। उनके मरीजों में देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित लोग—मंत्री, ब्यूरोक्रेट्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और वकील शामिल हैं। आयुर्वेद में उनके योगदान के लिए उन्हें अब तक कई पुरस्कार मिल चुके हैं।


बहादुरगढ़। डॉ. गौरव को प्रशंसा पत्र प्रदान करते सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

## झज्जर के मुक्केबाजों ने जीती रनरअप ट्रॉफी

### 28 से 30 नवंबर तक गुरुग्राम में आयोजित हुई राज्य स्तरीय सीनियर मुक्केबाजी स्पर्धा

- चारों मुक्केबाजों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

28 से 30 नवंबर तक गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के मुक्केबाजों ने रनरअप ट्रॉफी हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि उनके चार खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में पदक जीता। प्रियांशु डबास ने 55 किलोग्राम भार वर्ग तथा यश ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इनके अलावा सागर नारा ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक तथा ध्रुव ने कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उन्होंने चारों मुक्केबाजों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। मुक्केबाजों के साथ रनरअप ट्रॉफी लेते हुए कोच हितेश देशवाल। फोटो : हरिभूमि

## अभिभावकों को लिंगभेद के प्रति किया जागरूक

- 25 गांवों के अभिभावकों के साथ जेंडर के प्रति संवेदनशीलता विकसित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शहर के एक निजी होटल में तीन दिवसीय अभिभावक समूह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में शामिल 25 गांवों के अभिभावकों के साथ जेंडर के प्रति संवेदनशीलता विकसित की गई। इस दौरान पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से लिंग भेद समझाते हुए प्रशिक्षकों ने बताया कि जेंडर के आधार पर भेदभाव जन्म से ही शुरू कर दिया जाता हैं। पिंकी पीछे रह जाती हैं और पंकज आगे बढ़ जाता है। क्योंकि पिंकी को पंकज की अपेक्षा कम मौके मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यह कहानी हर घर की है। हम सबको मिलकर पिंकी को भी पंकज के बराबर लाना होगा। इस मौके पर ब्रेकथ्रू संस्था से रुचि अधिकारी, ममता और पूनम ने भी अभिभावकों को संबोधित किया।



झज्जर। अभिभावक समूह प्रशिक्षण में शामिल महिलाएं एवं संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### संस्कारम स्कूल में ग्रैंड फिनाले और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# ऑल ओवर ट्रॉफी जीतने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

- स्कूल के होनहार विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में रविवार को 10वें वार्षिक खेल समारोह का ग्रैंड फिनाले और भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण पेरेंट्स, ग्रैंडपेरेंट्स और टीचर्स के लिए आयोजित विशेष स्पोर्ट्स मीट रही, जिसने सामुदायिक सामंजस्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। पेरेंट्स और ग्रैंडपेरेंट्स के साथ-साथ शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। रोमांचक खेलों में 100 मीटर रेस, मटका तोड़ प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर रेस, रस्साकशी, तीरंदाजी आदि प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। ग्रैंड फिनाले के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। दूसरी ओर स्कूल के होनहार विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। स्कूल द्वारा किए गए इस भव्य आयोजन की अभिभावकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समापन समारोह में संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. महिपाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों व बाल भवन की ऑल ओवर ट्रॉफी जीतने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान वर्ष भर की विभिन्न खेल, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान बनाने वाले रिस्पेक्ट हाउस को बेस्ट हाउस के रूप में घोषित किया गया, ऑनेस्ट हाउस को द्वितीय व करेज हाउस को तृतीय स्थान के लिए विशेष ट्रॉफी प्रदान की गई।



झज्जर। मार्च पास्ट कर मुख्यातिथि को सलामी देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में एक सौ से अधिक लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच


झज्जर। शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

*झज्जर। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा स्वास्थ्य मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा क्षेत्र के गांव माछरौली में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर वाजिब, डॉक्टर प्रिया, मेडिसिन विभाग से प्रीति एवं पूजा, बीपी-शुगर जांच टीम से सविता और सरिता ने सेवाएं दीं। इस दौरान एक सौ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने लोगों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, कारण और बचाव संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू सेवन, असंतुलित जीवनशैली और नियमित जांच की कमी कैंसर के मुख्य कारण हैं, जिनसे बचाव के लिए समय-समय पर स्क्रीनिंग अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर राजबीर, अमन, धर्मेंद्र, नीरज और मनजीत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

## गीता महोत्सव के दूसरे दिन की सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई शुरुआत

# गीतापुरम में गूंजा गीता ज्ञान का प्रकाश विचार और संस्कृति का अद्भुत संगम





झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए कलाकार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन गीतापुरम परिसर एक बार फिर अध्यात्म, संस्कृति और ज्ञान की उजास से जगमगा उठा। महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में बने गीतापुरम में गीता-आधारित गतिविधियों, वैदिक अनुष्ठानों, लोक नृत्यों और सेमिनार ने दर्शकों और प्रतिभागियों को एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया। दूसरे दिन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं यूपी पुलिस में डीआईजी विकास कुमार वैध भी कार्यक्रम में पहुंचे और प्रदर्शनी अवलोकन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों व आयोजन की सराहना की। गीता महोत्सव के दूसरे दिन की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य आकर्षण गीता पर आधारित सेमिनार रहा। मुख्य अतिथि विकास वाल्मीकि ने कहा कि गीता के शाश्वत उपदेशों को विश्वभर में सम्मान मिला है। गीता हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है और जीवन को सही दिशा देती है।

**गीता के शाश्वत उपदेशों को विश्वभर में सम्मान मिला**

### आज शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

बीन पार्टी, नगाड़ों, ढोल-ताशों, पारंपरिक नृत्यों और सांस्कृतिक झांकियों से सजी यह शोभायात्रा शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग देगी। कुलदीप चौक से प्रारंभ होकर शोभायात्रा महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम तक पहुंचेगी।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

*गीतापुरम में रविवार को भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। जाने-माने कलाकार दीपक कपूर एंड पार्टी ने भक्ति और अध्यात्म से भरपूर नृत्य-प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके अलावा जोगिंद्र कुंडू ने कृष्ण व सुदामा के पवित्र मित्रता के रिश्ते पर नाटक मंचन किया। इसके अलावा मास्टर महेंद्र की शानदार प्रस्तुतियां दी। इसके अतिरिक्त विभागीय प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही, जहां विभिन्न संस्थाओं ने जागरूकता, शिक्षा और गीता दर्शन से जुड़े विषयों पर जानकारी प्रदान की।*




बहादुरगढ़। अतिथि एसएचओ अशोक दहिया व शिक्षकों के साथ बच्चे।

## वार्षिक खेल दिवस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बचपन प्ले स्कूल का वार्षिक खेल दिवस डीएवी पब्लिक स्कूल ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। नन्हे बच्चों की ऊर्जावान प्रस्तुतियों और अभिभावकों के उत्साह ने माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सेवानिवृत्त जिला वन अधिकारी व जनता जनार्दन सेवा स्मृति लाइब्रेरी कसार के मुख्य सचिव सतवीर सिंह दहिया ने बच्चों को फिटनेस, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एसएचओ अशोक कुमार दहिया ने खेलों को व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए बच्चों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि शिक्षक सोमवीर दहिया मास्टर ने शारीरिक व मानसिक मजबूती के लिए खेलों को जरूरी बताया, वहीं पार्षद सत्य प्रकाश ने स्कूल द्वारा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल की सराहना की। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 के प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित होकर सफल आयोजन के लिए टीम की प्रशंसा की।

दौड़, फिटनेस एक्टिविटीज, टॉर्च सेरेमनी, परेड और पैरेंट–चाइल्ड गेम्स ने बच्चों व अभिभावकों दोनों में रोमांच भर दिया। डायरेक्टर अमित शर्मा ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## सर छोटूराम धाम में भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जसिया में स्थित सर्वधर्म विश्व जाट एकता केंद्र (दीनबंधु छोटूराम धाम) परिसर में रविवार को एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून की मां वेद कौर का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के मौजिजों की मौजूदगी में नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया। सर छोटूराम धाम में बनकर तैयार हुए भवन में जून परिवार का बड़ा सहयोग रहा। स्व. चौधरी सुंदर लाल जून की स्मृति में उनके पत्नी वेद कौर, पुत्र राकेश जून व परिवार ने हर साल 25 लाख यानी सवा करोड़ रुपये दान की घोषणा की है। जिसमें से तीन किश्त उनकी तरफ से दी जा चुकी है। रविवार को धाम परिसर में उद्घाटन समारोह हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री बीरेंद्र सिंह, इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला सहित विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून की माता वेद कौर ने भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मौजूद राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों ने वेद कौर व उनके पुत्र के द्वारा समाजहित में हित में किए इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की। वहीं, प्रबंधन ने वेद कौर का सम्मान किया। इससे पहले राकेश जून अपने पिता की स्मृति में अपने गांव खुंगई के मंदिर में 21 लाख रुपये का दान दे चुके हैं। वहीं, मोक्ष संस्था को एंबुलेंस तथा एक शव वाहन भेंट कर चुके हैं। जाट सेवा संघ के प्रधान रणधीर सिंह ने कहा कि समाज व शिक्षा के उत्थान में जून परिवार का यह कदम सराहनीय है। वहीं, वेद कौर ने कहा कि छोटूराम धाम में सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर युवाओं को आगे बढ़ाने का काम होगा।

- राकेश जून ने धाम में सवा करोड़ देने की घोषणा की



बहादुरगढ़। भवन का उद्घाटन करतीं वेद कौर व इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला। फोटो : हरिभूमि

## विभिन्न खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



झज्जर। मदर इंडिया स्कूल मारौत में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक रामफूल शास्त्री व प्राचार्या संतोष कुमारी ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथियों को सलामी दी। इस दौरान बॉल और कप, बॉल कलेक्ट, कोन बैलेंस, बॉल थ्रो करना, रिंग दौड़, कप बॉल संतुलन, कोन संतुलन, बैलून गेम, फ्रॉग रेस, बैक रेस, बाधा दौड़ तथा बोतल भरना जैसी खेल गतिविधियां कराई गई। इसके अलावा पुरुषों अभिभावकों के लिए एक सौ मीटर की दौड़ व महिला अभिभावकों की पचास मीटर की दौड़ भी आकर्षण का केंद्र रही। एकंर की भूमिका छात्रा भक्ति व भूमि ने निभाई। प्रतियोगिताओं में विहान, नतान्या, सुधा, क्वीन व अंश ने प्रथम, अंशी, यामिका, देवांश, सूर्यांश, लक्षित व उर्वशी ने द्वितीय और भाव्या, धान्वी, यूवी, नितेश, गर्वित व दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को निदेशक रामफूल शास्त्री व प्राचार्या संतोष कुमारी द्वारा मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।

## गुरुद्वारा परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा पहली पातिशाही माता नानकी सत्संग सेवा समिति द्वारा किला मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड पाठ से हुई, जिसके उपरांत सुबह बड़ी श्रद्धा से अखंड पाठ का भोग डाला गया। इसके बाद स्त्री सत्संग सभा की महिलाओं और प्रदीप सिंह ने कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रंग से भर दिया। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और गुरुद्वारा कमेटी के सेवा कार्यों व संगत की निष्ठा की प्रशंसा की।

## गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ अखंड पाठ




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अपने विचार रखतीं चेयरपर्सन सरोज राठी। फोटो : हरिभूमि

### लंगर का आयोजन

इस मौके पर गुरुद्वारा भवन के हाल ही में किए गए विस्तार का भी जिक्र हुआ, जिसके चलते संगत को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद जताई गई। दिनभर गुरुद्वारा परिसर में कीर्तन, अरदास और सेवा का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं के लिए विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सेवकों और संगत ने पूरे उत्साह से सेवा निभाई। कार्यक्रम में पप्पू, संजय खुराना, सुरेश अरोड़ा, टीटू खुराना, विनीत, सुरेंद्र खुराना, संजय अरोड़ा, वीणा, सरोज अरोड़ा, अंजलि, वीणा भयाना, वीणा ढींगरा, वीणा पाहवा, सीमा, स्नेह लता आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। इस्कॉन मंदिर में आयोजित महाआरती के दौरान उपस्थित डीआईपीआरओ सतीश कुमार व अन्य।

## इस्कॉन मंदिर में गीता महोत्सव के दूसरे दिन का पावन समापन

बहादुरगढ़। जिला स्तरीय गीता महोत्सव-2025 के दूसरे दिन का दिव्य समापन बहादुरगढ़ स्थित इस्कॉन मंदिर में हुई भव्य गीता महाआरती के साथ हुआ। आरती के दौरान मंदिर परिसर दीपों की रोशनी, भक्तिमय संगीत और कृष्ण भक्ति की ऊर्जा से आलोकित हो गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से डीआईपीआरओ सतीश कुमार तथा अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। आरती के दौरान गूंजते 'हरे कृष्णा–हरे रामा' के मंत्रोच्चार और गीता श्लोकों के सामूहिक पाठ ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक माधुर्य से भर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आराधना में शामिल होकर भक्ति रस का अनुभव किया। महोत्सव में देवदत्त अर्जुन प्रभु, राम निरंजन प्रभु, राजेंद्र राम प्रभु, कृपालु अक्रूर प्रभु, योगेश्वर हरि प्रभु, यदुपति प्रभु, अजय कृष्ण प्रभु, नरेश प्रभु, वामन हरि प्रभु सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और भक्त मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। नृत्य की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### वार्षिक उत्सव में दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश

बहादुरगढ़। फाउंडेशन स्कूल में रविवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वर्षभर की शैक्षणिक, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने भाग लिया। स्कूल पहुंचने पर डायरेक्टर हर्षदीप राठी ने उनका स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह की थीम "वसुधैव कुटुंबकम" रही, जिसका उद्देश्य विश्व बंधुत्व और मानवता का संदेश देना था। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद स्वागत गीत, देशभक्ति नृत्य, लोकगीतों और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि दिनेश कौशिक ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत आवश्यक हैं। स्कूल डायरेक्टर हर्षदीप राठी ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना है। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य मोनिका राठी, नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी, पार्षद मोहित राठी, संजीव मलिक, पूर्व पार्षद वजीर राठी, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन विकास काजला, राजेश कौशिक, भानु टिकरी, रवि कौशिक, शमशेर फौजी सहित स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे।

## शिविर में 448 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

- भापड़ौदा के काठण वाले मंदिर परिसर में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ठंड के मौसम में बढ़ती बीमारियों को ध्यान में रखते हुए संजय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की ओर से रविवार को भापड़ौदा के काठण वाले मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 448 लोगों की जांच की गई। अस्पताल निदेशक व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह, डॉ. पूनम, डॉ. अविनाश शुक्ला, डॉ. साहिल और डॉ. हिमांशी की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं की जांच करते हुए ठंड, प्रदूषण तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। डॉक्टरों के अनुसार कई ग्रामीण खांसी, जुकाम, गले के संक्रमण, बुखार और सांस लेने में दिक्कत जैसी दिक्कतों से जूझ रहे मिले। वहीं कई मरीजों में घुटनों व जोड़ों का दर्द, चलने-फिरने में दिक्कत और जल्दी थकान की शिकायतें भी दर्ज की गईं। हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और बीपी की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। डॉक्टरों ने बताया कि कुछ मरीज मधुमेह व उच्च रक्तचाप से ग्रस्त पाए गए, जिन्हें नियमित जांच कराने और दवाइयों का समय पर सेवन करने की सलाह दी गई। डॉ. संजय सिंह ने कहा कि ठंड, धूल और प्रदूषण से बच्चों व बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। शिविर के संचालन में अस्पताल स्टाफ उषा सैनी, शिवानी, अनुराधा, संदीप, सुधांशु, शशि, कर्मवीर सिंह समेत ऑनरेरी ले. हरीशचंद, सूबेदार जेएस. राठी, हवलदार रोहताश, डॉ. सुरेश, धर्मपाल कमेटी प्रधान, जगदीश राठी और स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग रहा।



बहादुरगढ़। भापड़ौदा में लगे स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते डॉ. संजय।

### समिति ने भट्ठा मजदूरों को बांटे कंबल व गर्म वस्त्र

बहादुरगढ़। सार्थक सेवा समिति ने रविवार को डाबोदा स्थित विकास ईंट भट्ठे पर कार्यरत मजदूरों और उनके परिवारों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल तथा गर्म वस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम में कुल 110 कंबल बांटे गए। वहीं बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को उनकी आवश्यकता व साइज के अनुसार जूते, गर्म टोपे और अन्य गर्म कपड़े भी दिए गए। समिति के अध्यक्ष एनएस कपूर ने बताया कि सार्थक परिवार हर वर्ष सर्दियों के दौरान विभिन्न भट्ठों पर लगभग 400 कंबल वितरित करता है। इसके साथ ही पिछले 9–10 वर्षों से समिति लगातार जरूरतमंदों तक गर्म कपड़े, जूते और अन्य उपयोगी सामग्री पहुँचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सक्षम व्यक्तियों को समाज के मेहनतकश वर्ग की यथासंभव सहायता के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में सार्थक परिवार की ओर से कर्नल अनिल कुमार जून, वजीर सिंह दहिया, महाबीर जांगड़ा, सुरेन्द्र पाल मेहता, गुरमीत सिंह, महाबीर प्रसाद रोहिल्ला, आरके वशिष्ठ, कुलदीप सिंह, सुदेश संदूजा, राजबाला दलाल और वियान संदूजा मौजूद रहे।



झज्जर। दौरे के दौरान ग्रामीणों को स्थापना दिवस समारोह में पहुंचने का निमंत्रण देते हुए जेजेपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### जेजेपी के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर गांव-गांव जाकर दिया जा रहा निमंत्रण

झज्जर। जन नायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव जाकर स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। पार्टी के प्रवक्ता डॉक्टर विकास पाराशर ने बताया कि रविवार को भी जिले के विभिन्न गांवों में युवा इकाई के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र गहलावत व अमित सासरोली की पूरी टीम द्वारा लोगों को आगामी सात दिसंबर को जुलाना में मनाए जा रहे जन नायक जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह का निमंत्रण दिया गया। उन्होंने बताया कि यह रैली एक ऐतिहासिक रैली साबित होगी। दौरे के दौरान बुजुर्गों द्वारा दिए जा रहे आशीर्वाद व युवाओं के सहयोग को देखते हुए इस विशाल रैली में जिले की उपस्थित सराहनीय रहेगी। डॉक्टर विकास पाराशर ने बताया कि आज का किसान प्रदेश सरकार से प्रताड़ित है। किसानों को उनकी फसल का न तो कोई मुआवजा मिला है और ना ही उनकी फसल का उचित दाम। लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। सुंदरहेटी गांव के किसानों को जहां पीने का पानी नहीं मिल पाया हैं। उन्होंने क्षेत्र के गांव झाड़ली, ससरौली, सुंदरहेटी, नौगांवा, साल्हावास सहित अनेक गांवों का दौरा किया। इस मौके पर प्रताप सिंह, सतबीर सिंह, नरेश, वीरेंद्र, यशवंत, भूपेंद्र, विवेक, सुखबीर, साहिल, जगबीर, संदीप सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## संस्कारम स्कूल में हुआ ग्रैंड फिनाले व पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में रविवार को 10वें वार्षिक खेल समारोह का ग्रैंड फिनाले और भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण पेरेंट्स, ग्रैंडपेरेंट्स और टीचर्स के लिए आयोजित विशेष स्पोर्ट्स मीट रही, जिसने सामुदायिक सामंजस्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। पेरेंट्स और ग्रैंडपेरेंट्स के साथ-साथ शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

रोमांचक खेलों में 100 मीटर रेस, मटका तोड़ प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर रेस, रस्साकशी, तीरंदाजी आदि प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। ग्रैंड फिनाले के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। दूसरी ओर स्कूल के होनहार विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। स्कूल द्वारा किए गए इस भव्य आयोजन की अभिभावकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

समापन समारोह में संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों व बाल भवन की ऑल ओवर ट्रॉफी जीतने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान वर्ष भर की विभिन्न खेल, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान बनाने वाले रिस्पेक्ट हाऊस को बेस्ट हाऊस के रूप में घोषित किया गया, जबकि ऑनेस्ट हाऊस को द्वितीय व करेज हाऊस को तृतीय स्थान के लिए विशेष ट्रॉफी प्रदान की गई।



झज्जर। मार्च पास्ट कर मुख्यातिथि को सलामी देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि